नागरिक उड्डयन हेतु ई-गवर्नेंस

drishtiias.com/hindi/printpdf/e-governance-for-civil-aviation

हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने **नागरिक उड्डयन के लिये ई-गवर्नेंस (e-GCA)** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जिसके माध्यम से नागरिक उड्डयन **पायलट लाइसेंसिंग और चिकित्सा परीक्षा सहित 298 सेवाएँ** प्रदान करेगा।

> **नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के तहत e-GCA परियोजना का शुभारंभ विमानन क्षेत्र के लिये 100-दिवसीय कार्ययोजना का हिस्सा था। पोर्टल को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ द्वारा विकसित किया गया था।**

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह सूचना के प्रसार और एक **सुरक्षित वातावरण में ऑनलाइन, त्वरित सेवा वितरण** हेतु एक पोर्टल है।
  - यह अनेक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ कनेक्टिविटी के लिये एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करता है।
  - यह **विभिन्न DGCA हितधारकों** जैसे- पायलट, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर, हवाई यातायात नियंत्रक, हवाई ऑपरेटरों, हवाई अड्डे के संचालकों, उड़ान प्रशिक्षण संगठनों, रखरखाव और डिज़ाइन संगठनों को सेवाएँ प्रदान करेगा।
- **लक्ष्य:**

  इसका उद्देश्य **DGCA की विभिन्न सेवाओं की दक्षता में वृद्धि** और **DGCA के सभी कार्यों में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना** है।
- **लाभ:**
  - परिचालन अक्षमताओं को दूर करना
  - व्यक्तिगत संपर्क को कम करना
  - नियामक रिपोर्टिंग में सुधार
  - पारदर्शिता बढ़ाना
  - उत्पादकता बढ़ाना
- **महत्त्व**
  - सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में यह DGCA की प्रक्रिया और कार्यों के स्वचालन के माध्यम से एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन को प्रेरित करेगा।
  - यह आईटी अवसंरचना और सेवा वितरण ढाँचे को एक मज़बूत आधार प्रदान करेगा।
  - यह 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह DGCA के सुरक्षा नियामक ढाँचे को मज़बूत करेगा।

नागर विमानन महानिदेशालय

- यह नागरिक उड्डयन मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
- यह नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में नियामक निकाय है, जो मुख्य रूप से सुरक्षा मुद्दों से निपटता है।
- यह भारत में/से/के भीतर हवाई परिवहन सेवाओं के नियमन और नागरिक हवाई नियमों, हवाई सुरक्षा एवं उड़ान योग्यता मानकों को लागू करने हेतु उत्तरदायी है।
- यह अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के साथ सभी नियामक कार्यों का समन्वय भी करता है।